JAMIE L. MATTHEWS का बयान, **मेयर** के प्रत्याशी, **Santa Clara शहर**

पेशा: मेयर, Santa Clara शहर

उम्र: ५१

शिक्षा व योग्यताएं:

यदि आप मुझे फिर से Santa Clara के मेयर के पद के लिए चुनेंगे, तो मैं गर्वान्वित महसूस करूँगा |एक पति, चार बच्चों का पिता व Santa Clara शहर के पांचवी पीढ़ी होने के नाते मैं Santa Clara शहर के वर्तममान, भूत और भविष्य के प्रति प्रतिबद्ध हूँ | मेयर के पद पर रहते हुए मैंने Santa Clara शहर में २०००० नई नौकरियां उत्पन्न करीं और ६.५ बिलियन से ज़्यादा का निजी निवेश करवाया, जिसके कारण यह शहर मंदी से खुशहाली की दिशा में चल पड़ा है | मैंने Levi's स्टेडियम बनवाया और खुलवाया, सुपर बाउल-५० को सुरक्षित करवाया, एल कमीनो रिटेल को आकर्शित किया जिसमें टारगेट और स्प्राउट्स शामिल हैं, वृद्ध आवास बनवाए, आतिशबाजी वापस शुरू करवाई, नया पुस्तकालय और उपवन बनवाया, क्रीक ट्रेल का विस्तार किया, आपात भंडारों को फिरसे बनवाया, सबसे कम उपयोगिता दर और सफाई अभियान को सुनिश्चित किया, पर्यावरण, राजकोषीय और पुस्तकालय सेवा के क्षेत्र में पुरस्कार प्राप्त किये, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सब कार्य चार लगातार आए बजटों में संतुलन बनाये रखते हुए किये गए | मैं अपने आप को खुशकिस्मत मानता हूँ क़ि मैं शहर परिषद के सदस्यों, पूर्व मेयर, आग विभाग व पुलिस के प्रमुख और संघों, समाज के नेताओं, व्यापार समूहों, कमिश्नर्स और क्षेत्रीय अधिकारीयों द्वारा सम्मानित किया गया हूँ | विस्तृत सूची, विवरण और भविष्य की योजनाएं www.MayorMatthews.com पर देखीं जा सकती हैं |

हालांकि अब Santa Clara शहर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाता है, परन्तु मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि हम यहाँ की छोटे शहर वाली भावना और जीवन की गुणवत्ता को कायम रख सकें | मैं सफल स्टेडियम संचालन, एल कमीनो के सौंदर्यीकरण, ऐतिहासिक शहर का पुनर्निर्माण करने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दूंगा, और दुकानों, रेस्तरां, नौकरियों, किफायती आवासों व उच्च गुणवत्ता की सेवाओं को आकर्षित करूँगा | मैं Santa Clara शहर के लिए एक सकारात्मक अधिवक्ता की भूमिका अदा करूँगा और आपकी आव्यश्यक्ताओं की पूर्ती के लिए हमेशा उपलब्ध रहूँगा | शुक्रिया